तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 21 जून 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

12 पार्षद ने पीडब्ल्यूडी अफसरों को जगाने के...

12 एनएच 30 की मरम्मत नहीं, विधायक ने कहा- ...

खबर संक्षेप

अनिश्चितकालीन आंदोलन आज से

जगदलपुर। छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए धरना स्थल एवं ध्वनिविस्तारक यंत्र के उपयोग की अनुमति प्रदाय किए जाने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को पत्र प्रेषित किया है। जिलाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह परिहार ने जारी बयान में कहा कि छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय आव्हान पर जिला बस्तर के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीएचओ ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की सूचना विभाग के समस्त अधिकारियों को प्रेषित किया जा चुका है। 18, 19 एवं 20 जून को सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीएचओ ऑनलाईन रिपोर्टिंग कार्य बंद रखे। इसके बाद भी शासन जायज मांगों की पूर्ति नहीं होने के चलते 21 जून से अनिश्चितकालीन तक पूर्णतः बंद कर आंदोलनरत रहेंगे। उन्होंने जिला स्तर पर आंदोलन किए जाने के लिए धरना कृषि मंडी स्थल ध्वनिविस्तारक यंत्र के उपयोग की अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया है। इसकी सूचना कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दी गई है।

सड़क दुर्घटना में हुई मौत, मर्ग कायम

कांकेर। नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम ढेकलावन चौकी दुधावा निवासी 44 वर्षीय तुलाराम पिता रामपाल का सड़क दुर्घटना में मौत हो गया था। अस्पताल प्रबंधन से दी गई जानकारी और रायपुर पुलिस के द्वारा दी गई डायरी पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

गैरकानूनी: मालवाहक पर बेधड़क सवार होकर सफर कर रहे लोग

ग्रामीणों के लिए यात्री गाड़ियों का रूप ले लिया पिकअप, ट्रैक्टर, मेटाडोर ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

परिवहन नियमों की अनदेखी का खामियाजा ट्रैक्टर और पिकअप में सवार होकर यात्रा करने वालों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसे वाहनों पर सवार होकर लोग बेधड़क सफर कर रहे हैं और ड्राइवर की जरा सी लापरवाही से खुशी का माहौल गम में बदल रहा है। ⏭शेष पेज 12 पर

- उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ने 15 मालयान व नो-पार्किंग 45 वाहनों पर किया जुर्माना

ड्राइवरों के पास लाइसेंस तक नहीं

शहर एवं गांवों में बेधड़क ट्रैक्टर, पिकअप दौड़ा रहे कई ड्रायवरों के पास ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं है। कुछ ट्रैक्टर चालकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उन्हें ड्राइविंग लाइसेंस की जरूरत ही नहीं पड़ती। शहर में सैंकड़ों बार ट्रैक्टर लेकर आना-जाना कर चुके हैं।

सख्त नियम, पर पालन नहीं हो रहा

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक एसके झा ने बताया कि मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मालवाहक वाहनों को सिर्फ सामान ढोने के लिए ही प्रयोग में लाया जा सकता है। सवारियां लाना, ले जाना गैर-कानूनी है। बावजूद इसके नियमों का उल्लंघन खुलेआम किया जा रहा है। ऐसे वाहन के चालकों एवं मालिकों पर सख्ती की जा रही है।

11 केवी लाइन पर पेड़ गिरने से बंद रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

संभागीय मुख्यालय के धरमपुरा जोन क्षेत्र तेतरखुटी में बुधवार की रात लगभग 9 बजे 11 केवी लाइन में पेड़ गिरने से 4 पोल, तार, इंश्यूलेटर टूटने से विद्युत लाइन बंद रही। जिससे मेटगुड़ा, बहादुर गुड़ा, गीदम रोड, परपा नाका, पुलिस कालोनी, बिजली कालोनी, अयप्पा मंदिर आसपास अन्य संबंधित वार्ड के उपभोक्ता ⏭शेष पेज 12 पर

- 4 पोल, तार, इंश्यूलेटर टूटे व रात में ही कर्मियों ने की बिजली बहाल

ग्रामीणों को नहीं मिल रहा जल जीवन मिशन योजना का लाभ, अफसर कहते हैं ठेकेदार से बात करो

हरिभूमि न्यूज ⏭ मद्देड़

केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना का लाभ भोपाल पटनम ब्लॉक के मददेड़ पंचायत के ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण लगभग 2 किमी दूर से पीने के लिए पानी लाने विवश है। ग्राम पंचायत मददेड़ तक नल-जल योजना पहुंच चुकी है, लेकिन नलों से पानी नहीं आ रहा है। ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। भोपाल पटनम ब्लॉक के मददेड़ पंचायत के ग्रामीणों को ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों एवं ठेकेदार ने उनके ⏭शेष पेज 12 पर

ठेकेदार से बात करो

ग्रामीण जब सरपंच, सचिव से समस्या के समाधान के लिए गुहार लगाते है, तो वे बोलते हैं कि ठेकेदार अभी पंचायत को सुपुर्द नहीं किया है, हमें नल-जल योजना के विषय कुछ नहीं मालूम है। इस बारे में ठेकेदार से बात करो।

योग से बीमारी तो ठीक होती ही है, साथ ही व्यक्तित्व का विकास भी होता है : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

पतंजलि योग समिति द्वारा सिरहासार चौक में साप्ताहिक चलने वाले विशेष योग सत्र के समापन पर सांसद महेश कश्यप पहुंचे। उन्होंने कहा कि योग से बीमारी तो ठीक होती ही है व्यक्तित्व का विकास भी होता है। साथ ही प्राकृतिक तथा आयुर्वेदिक उपचार के बारे में बताया गया। सांसद को बैच पहना कर स्वागत किया गया। योगाभ्यास के साथ आम तौर पर लोगों में शुगर, बीपी, मोटापा, डिप्रेशन, अंजजॉइटी देखने को मिलती है। ऐसे में योग से ना सिर्फ रोग वरन मानसिक स्वास्थ्य को 100 प्रतिशत ठीक करता है। शरीर और मन को स्वस्थ्य बनाने के लिए प्रतिदिन योग को अपनाएं। 10 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पतंजलि प्रांतीय समिति ने ऑनलाइन योग सर्वे फॉर्म का शुभारंभ ⏭शेष पेज 12 पर

पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

TANISHQ

भव्य उद्घाटन

अब धरमपुरा रोड, जगदलपुर में।

21 जून 2024

आप सभी को आमंत्रित किया जाता है धरमपुरा रोड, जगदलपुर में हमारे नये शोरूम के भव्य उद्घाटन के लिये।

आइये, सोने और हीरे के गहनों, सॉलिटेयर्स और रंगीन रत्नों की शानदार रेंज का आनंद लीजिये, तनिष्क की कहानी के इस नये अध्याय में।

मुफ़्त सोने का सिक्का*
प्रत्येक ज्वेलरी की खरीद के साथ
21 से 23 जून 2024 तक

To locate your nearest store and know more on 8147349242. Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions apply, For T&C visit our website.

शोरूम: स्पर्श लग्ज़री एलएलपी, सृजन स्क्वायर, होटल अविनाश इंटरनेशनल के सामने, धरमपुरा रोड, जगदलपुर. फ़ोन: 07782-359776

खबर संक्षेप

सिकलसेल जागरुकता रथ को दिखाई हरी झंडी

कोण्डागांव। विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर जिले में सिकलसेल के प्रति जागरुकता लाने के लिए जागरुकता रथों का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को जिला कार्यालय परिसर से जागरुकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह, आदिवासी विकास विभाग की उपायुक्त डॉ रेशमा खान, जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. आरसी ठाकुर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती भावना महलवार सहित अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

आज जिलास्तरीय योग प्रदर्शन होगा स्टेडियम में

कोण्डागांव। दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे जिले में योग प्रदर्शन किए जाएंगे। जिला स्तरीय योग प्रदर्शन कार्यक्रम कोण्डागांव के विकास नगर स्टेडियम में शुक्रवार को सुबह 7 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुश्री लता उसेण्डी उपस्थित रहेंगी। विशिष्ठ अतिथि के तौर पर जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम, उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा यादव, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, जनपद पंचायत के अध्यक्ष शिवलाल मण्डावी, उपाध्यक्ष मनोज सेठिया उपस्थित रहेंगे।

समस्याएं निराकृत करने मर्दापाल में शिविर कल

कोण्डागांव। आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। 22 जून को इसकी शुरुआत मर्दापाल से की जाएगी। प्रति माह दो जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सभी विभागों के जिलास्तरीय अधिकारियों को अनिवार्य तौर पर जनसमस्या निवारण शिविर में उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए हैं।

अमृत सरोवरों में मनेगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

कोण्डागांव। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून को जिले के सभी अमृत सरोवरों के तट पर भी किया जाएगा। इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश जारी कर दिए गए हैं। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई के मार्गदर्शन में पूरे जिले में यह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्री भोई ने बताया कि राज्य स्तर से इस आयोजन के लिए दिशा–निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसके लिए जनपद पंचायतों को आवश्यक गतिविधियां करने के लिए रूपरेखा बताई गई है।

योग के द्वारा समाज को बेहतर बनाने में अपना योगदान दें: आदित्य चांडक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

चार दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन, छात्रों ने दिया संदेश ''करो योग, रहो निरोग''

स्वामी आत्मानंद स्कूल महात्मा गांधी वार्ड कोंडागांव में चार दिनों तक चले योग प्रशिक्षण शिविर का समापन गुरुवार को हुआ। योग प्रशिक्षक कांतिलाल पटेल ने आज योग प्रोटोकॉल का विशेष अभ्यास कराया। छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने मिलकर अनुलोम विलोम भ्रामरी प्राणायाम के साथ भुजंगासन दीक्षासन वृक्षासन आदि का अभ्यास किया। इस अवसर पर श्री पटेल ने कहा कि योग जीवन का आध्यात्मिक अनुशासन है, जो मन और शरीर के बीच सामंजस्य लाने पर केंद्रित है। यह स्वस्थ जीवन जीने की एक कला और विज्ञान है। 'योग' शब्द का अर्थ है 'जुड़ना' या 'जोड़ना' या 'एकजुट होना'। जिला शिक्षा अधिकारी कोंडागांव आदित्य चांडक ने योग शिविर की सराहना की और भविष्य में ऐसे शिविर हर स्कूल में लगाने का आश्वासन दिया ताकि हर छात्र इससे लाभ प्राप्त कर सके। योग के द्वारा अपने स्वास्थ्य को, जीवन को समाज को बेहतर बनाने में अपना योगदान दे सकें। प्राचार्य दिनेश शुक्ला ने सभी प्रतिभागियों एवं अभिभावकों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि अभिभावक छात्रों को प्रतिदिन योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित करें। दिन की शुरुआत सकारात्मक ऊर्जा के साथ की जानी चाहिए। सुबह जल्दी उठने से अनेक शारीरिक समस्याएं कम हो जाती है।

महिला सशक्तिकरण के लिए योग

कार्यक्रम के संयोजक अखिलेश गायधने ने जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष की थीम है 'योगा फॉर वुमेन इंपावरमेंट' यानी महिला सशक्तिकरण के लिए योग। महिलाओं के मानसिक शारीरिक स्वास्थ्य को केंद्र में रखते हुए इस साल के योग दिवस की थीम बनाई गई है। भुजंगासन, धनुरासन, तितली आसन, चक्की चालनासन, बालासन आदि महिलाओं के लिए विशेष उपयोगी हैं। हर साल 21 जून के दिन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है।

लापरवाही: शहर के बीचोबीच रोड चौड़ीकरण को पूरा नहीं किया गया

पार्षद ने पीडब्ल्यूडी अफसरों को जगाने के लिए कार्यालय के सामने किया अर्धनग्न प्रदर्शन!

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

- शिकायत के बावजूद नहीं होती है कार्रवाई
- बारिश होते ही सब जगह का पानी विधायक निवास व स्टेट बैंक के सामने भर रहा

जिले में पार्षद विजय सलाम ने आज वार्ड की समस्या अधूरे नाली निमार्ण को लेकर पीडब्ल्यूडी कार्यालय में अर्धनग्न अवस्था में प्रदर्शन किया। ज्ञात हो की नारायणपुर जिले में शहर के बीचों बीच रोड चौड़ीकरण का कार्य किया गया था। जिसमें विधायक निवास और स्टेट बैंक के सामने पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार ने अधूरे नाली का निर्माण कर छोड़ दिया है। जिससे बारिश होने पर पूरे शहर का पानी विधायक निवास, स्टेट बैंक के पास आकार जमा हो जाता है।

पानी भरने के कारण स्टेंट बैंक में आने जाने वाले लोगों को और आस-पास के रहने वालो लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार स्थानीय लोगों ने और वार्ड के पार्षद ने इस बारे में पीडब्ल्यूडी को जानकारी दी, पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। इससे नाराज आज वार्ड के पार्षद विजय सलाम ने अफसरों को काम की ओर ध्यान देने के लिए नींद के जगाने और ध्यान आकर्षण करवाते हुए अर्धनग्न अवस्था में पीडब्ल्यूडी कार्यालय में प्रदर्शन किया।

शिकायतों के बाद भी नहीं होती कार्रवाई

पार्षद विजय सलाम ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है और विधायक केदार कश्यप बने है, तब से अधिकारी कर्मचारियों को शहर की विकास का काम नजर नहीं आता और अधिकारी सुस्त होकर कार्यालय में सो जाते हैं। आए दिन कोई न कोई आम नागरिक शिकायत लेकर कार्यालयों के चक्कर लगाते हैं पर कोई सुनवाई नहीं होती। अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंगती है।

पानी भरने से लोग घरों में हो रहे कैद

चिंटू देशलहरा और प्रकाश जैन का कहना था की हमें पानी भरने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। व्यापार बंद हो जाता है। घरों में कैद हो जाते हैं। घर से निकलने के लिए बारिश का पानी उतरने का इंतजार करना पढ़ता है। तब जाकर हम घर से बाहर निकल पाते है। कई बार पीडब्ल्यूडी कर्यालय में शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं होती ।

टंकियों को भरने के लिए उच्च क्षमता के मोटर पंपों का करें उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- कलेक्टर श्री दुदावत ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा
- दहीकोंगा में 30 जून तक सुनिश्चित करें जलापूर्ति

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को जल जीवन मिशन के कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा के दौरान दहीकोंगा में 30 जून तक जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों में समय–सीमा और गुणवत्ता के प्रति लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां टंकियों का निर्माण पूर्ण हो गया है, वहां जल प्रदाय करने के लिए विद्युतीकरण का कार्य तत्काल किया जाए। उन्होंने टंकियों में जल भराव के लिए उच्च क्षमता के मोटर पंपों के उपयोग के निर्देश दिए। इसके साथ ही आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त नलकूप खनन के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि टंकियों में तेजी से जलभराव के लिए आवश्यक है कि जलस्त्रोत अच्छा हो तथा इसके लिए सबसे बेहतर संभावित स्थल में ही नलकूप खनन करें। उन्होंने मानसून को देखते हुए शीघ्र ही नलकूप खनन के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्णता की ओर अग्रसर सभी कार्यों के लिए विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन तत्काल विद्युत विभाग को सौंपने के निर्देश दिए। वहीं विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि वे डिमांड नोट जारी करने के सात दिन के भीतर विद्युत कनेक्शन प्रदाय करना सुनिश्चित करें। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

जेनेटिक कार्ड तथा पौष्टिक आहार का किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर बुधवार 19 जून को पूरे जिले में जागरुकता कार्यक्रमों के आयोजनों के साथ ही सिकलसेल की स्क्रीनिंग की गई। मुख्य कार्यक्रम जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई।

जिला पंचायत के अध्यक्ष देवचंद मातलाम, उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती पटेल, सदस्य बालसिंह बघेल, कलेक्टर कुणाल दुदावत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जेनेटिक कार्ड के वितरण के साथ ही पौष्टिक आहार का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के अध्यक्ष देवचंद मातलाम ने कहा कि सिकलसेल और एनीमिया जैसे रोगों पर नियंत्रण के माध्यम से ही स्वस्थ जीवन का आनंद प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इन रोगों के कारण लोगों की कार्यक्षमता प्रभावित होती है, जिसका दुष्परिणाम जिले के विकास पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि एनीमिया के कारणों में एक कारण खानपान की आदतों में बदलाव भी शामिल है। अतः एनीमिया से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए। उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती पटेल ने कहा कि स्कूल, आश्रम–छात्रवास के अध्ययरत सभी बच्चों का स्क्रीनिंग करते हुए आवश्यक उपचार का सुझाव दिया। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि सिकलसेल दिवस के अवसर पर सभी स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ ही हेल्थ एंड वेलनेस केन्द्रों में भी जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सिकलसेल की जांच के साथ ही मरीजों को उपचार भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

अधेड़ की मौत के बाद डिलमिली में शव दफनाने को लेकर भारी विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कोड़ेनार थाना क्षेत्र के डिलमिली में ग्रामीणों के विरोध के बाद एक बार फिर ईसाई धर्म को मानने वाले अधेड़ पुरूष की मौत के बाद शव का अंतिम संस्कार गांव में नहीं किया जा सका। डिलमिली के खालेपार निवासी अधेड़ की बीती रात बीमारी के चलते मौत हो गई। जिसके बाद सुबह अंतिम संस्कार को लेकर एक बार फिर ग्रामीणों ने विरोध कर दिया। भारी बवाल व तनाव की जानकारी मिलने के बाद गांव में फोर्स की तैनाती कर दी गई है। मौके पर पहुंचे अधिकारियों की समझाइश के बाद मृतक का अंतिम संस्कार जगदलपुर से लगे करकापाल कब्रिस्तान में किया गया। जानकारी के मुताबिक बुधवार रात डिलमिली खालेपारा निवासी रामेश्वर कश्यप पिता स्व सुकटा कश्यप उम्र लगभग 55 वर्ष का देहान्त हो गया था। मृत्यु के बाद गुरुवार सुबह गांव में ही शव दफनाने की तैयारी की जा रही थी। इसकी जानकारी लगते ही भारी संख्या में ग्राम प्रमुख व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और इसका विरोध शुरू कर दिया। मृतक रामेश्वर कश्यप व उनका परिवार काफी वर्षों से महारा समाज के रीति नीति को छोड़कर ईसाई धर्म को मान रहा था। इसे देखते हुए ग्राम प्रमुखों ने शव को गांव में दफनाने देने से साफ इंकार कर दिया। ग्राम प्रमुखों का कहना था कि मूलधर्म में वापसी होने पर हमें क्रियाक्रम करने देने से कोई आपत्ती नहीं है। विवाद को देखते हुए डिलमिली व आसपास के क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। अधिकारियों की समझाईश के बाद परिजन शव का अंतिम संस्कार जगदलपुर के करकापाल कब्रिस्तान में करने को तैयार हो गए जिसके बाद अंतिम संस्कार किया जा सका। मौके पर मौजूद डिलमिली के पुजारी जग्गू कश्यप, पेरमा कमलू मंडावी, सरपंच पति पुरान पात्र, सरपंच दुर्जन कश्यप, ग्राम सभा अध्यक्ष सोनार सोढ़ी, पूर्व सरपंच आयतू मंडावी, कोतवाल लखेश्वर बैस, सर्व आदिवासी समाज जिला युवा प्रभाग मीडिया प्रभारी मनीराम मंडावी, महारा समाज नाईक बुधरू, उपसरपंच सुकरू बघेल , तिलोतोमा बघेल, पागु कश्यप, झितरू सोढ़ी , सायबो मंडावी, राजू सोढ़ी, सीताराम पोयाम, सुकमन नाग, पाण्डरू सोढ़ी, परदेशी बघेल समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

ग्राम प्रमुखों का कहना था कि हमारे यहां ग्रामसभा सर्वोपरि है यहां किसी भी हाल में ईसाई धर्म को मानने वालों को शव दफनाने नहीं दिया जाएगा क्योंकि गांव में ईसाई धर्म का कब्रिस्तान नहीं है। इसके लिए पूर्व से ही ग्रामसभा में प्रस्ताव पास किया जा चुका है।

जगदलपुर में अंतिम संस्कार

डिलमिली में विवाद को देखते हुए मृतक के परिजनों को समझाइश दी गई। जिसके बाद शव का अंतिम संस्कार जगदलपुर के करीब करकापाल मसीह कब्रिस्तान में किया गया। वर्तमान में स्थिति नियत्रंण में है, लेकिन ऐहतियातन फोर्स की तैनाती कर पेट्रोलिंग की जा रही है।

शलभ कुमार सिन्हा
एसपी बस्तर।

हाईवोल्टेज लाइन का तार टूटकर गिरा, पांच मवेशियों की मौत

जगदलपुर। कोड़ेनार थाना क्षेत्र के डिलमिली पंचायत से गुजर रही हाईवोल्टेज लाइन का तार टूटने के बाद करंट की चपेट में आए पांच बैलों की असमय मौत हो गई। बुधवार दोपहर लगभग दो बजे अचानक तार टूटकर गांव के मैदान में गिर गया। उस समय कई मवेशी वहां चर रहे थे। करंट लगने से एक एक कर पांच बैलों की मौके पर ही मौत हो गई। इसकी जानकारी लगते ही तत्काल ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस व विद्युत विभाग को दी गई जिसके बाद लाइन को बंद किया गया। घटना के दौरान ग्रामीण अपने घरों में थे नहीं तो गंभीर जनहानि होने की संभावना थी। इस हादसे में डिलमिली निवासी सोमडू कवासी पिता पण्डरू कवासी का एक बैल, सुकरू पिता बोड़ी का एक बैल तथा कार्तिक पिता महादेव के तीन बैल की असमय मौत हो गई। घटना डिलमिली पुजारीपारा की बताई जा रही है और सभी मवेशी सोनाधर बघेल पिता बुलू के मरहान में चर रहे थे, तभी अचानक बिजली का मेन लाइन का तार टूटकर गिर गया। हादसे के बाद मवेशी मालिकों ने मुआवजे की मांग करते हुए इसकी जानकारी राजस्व विभाग को दी है।

केशकाल घाटी में बड़े- बड़े गड्ढे होने से हो रही परेशानी

एनएच 30 की मरम्मत नहीं, विधायक ने कहा- ठेकेदार को करें ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

विधायक नीलकंठ टेकाम केशकाल नगर के बीच से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में जगह- जगह हुए गड्ढों की मरम्मत कार्य न किए जाने पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए विभागीय अधिकारियों को समय पर काम न करने वाले ठेकेदार का ठेका निरस्त कर जमा सुरक्षा निधी जब्त करते हुए ब्लैक लिस्ट करने कहा है। विभाग द्वारा अविलम्ब गुणवत्तायुक्त मरम्मत कार्य करवाने कहा गया ।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के कार्यपालन अभियंता – अनुविभागीय अधिकारी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा अपने भारतीय जनता पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ 19 जून को विधायक नीलकंठ टेकाम ने केशकाल घाटी मार्ग का अवलोकन किया था। मार्ग में बन चुके बड़े बड़े गड्ढों एवं उखड़ चुके सड़क की तरफ विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते कहा की जब अभी गर्मी में सड़क का ये हाल है तो आने वाले बरसात में न कितना बुरा हाल हो जाएगा। आए दिन एक्सीडेंट होगा गाड़ियां खराब होगी और जाम लगेगा। लोगों को हलाकान होना पड़ेगा इसकी जवाबदेही कौन लेगा?

ठेकेदार को जब समय पर काम करना नहीं था तो क्यों लिया। काम न करने वाले ठेकेदार के चलते पब्लिक को प्रशासन को तथा पुलिस को कितनी परेशानी होती है इसका अनुमान भी लगा पाना संभव नहीं है। ठेकेदार कोई भी हो अगर वो समय पर सही ढंग से काम नहीं करता तो उसके द्वारा जमा सुरक्षा निधि राशि राजसात करते हुए उसे ब्लैक लिस्टेड करनी की कार्रवाई करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में नगर सीमा के भीतर तथा केशकाल घाटी में जगह जगह पर सड़क उखड़ गई है और बड़े बड़े गड्ढे बन गये हैं। जिसके चलते सड़क से गुजरना तकलीफदायक हो गया है। सड़क पर बन चुके बड़े बड़े गड्ढों के चलते अक्सर वाहन दुर्घटना भी होने लगी हैं।

विधायक ने किया था अवलोकन

ज्ञात हो कि विधायक नीलकंठ टेकाम राष्ट्रीय राजमार्ग के वर्षों से अटके पड़े बाइपास रोड फिर से निर्माण कार्य चालू कराने के लिए तथा राष्ट्रीय राजमार्ग की हालत ठीक ठाक कराकर घाटी में अक्सर लगने वाले जाम की स्थिति से मुक्ति दिलाने और केशकाल नगरवासियों को धूल कीचड़ से राहत दिलाने के लिए सतत प्रयासरत हैं । इसी फिराक में गत 7 जून को भीषण गर्मी में विभागीय अधिकारियों को साथ लेकर केशकाल घाटी के बाईपास रोड में लगभग 7-8 किलोमीटर पैदल चलकर निर्माणाधीन सड़क का अवलोकन किया था।

पेज 11 के शेष

ग्रामीणों के लिए...

शहर के नेशनल और स्टेट हाईवे पर ट्रैक्टर, पिकअप से सवारी ढोने का नजारा देखने को मिला। ऐसे वाहनों में कई लोग तो आधे बैठे रहे और कई लटक रहे हैं। पिकअप, ट्रैक्टर, मेटाडोर जैसे वाहनों ने ग्रामीणों के लिए यात्री गाड़ियों का रूप ले लिया है। सड़कों पर ऐसे वाहनों में लोग बेधड़क होकर सफर कर रहे हैं। परिवहन विभाग की कड़ाई के बाद भी लोग बाज भी नहीं आ रहे हैं। यही कारण परिवहन विभाग रायपुर आयुक्त के निर्देश पर विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी टीम ने हॉल ही में 15 मालयान को जब्ती कर 30 हजार 300 रूपए एवं सड़क किनारे ढाबों के आसपास नो-पॉर्किंग में खड़े 45 वाहनों पर 13 हजार 500 रूपए का जुर्माना किया गया।

11 केवी लाइन...

परेशान रहे। वहीं इसकी सूचना मिलते ही सहायक अभियंता एसआर भद्रे, कनिष्ठ अभियंता के नेतृत्व में आधा दर्जन कर्मचारियों ने स्थल में पहुंचकर वृक्ष को काटकर मशक्कत के बाद रात लगभग 3 बजे बिजली लाइन बहाल किया। इसी तरह से धरमपुरा क्षेत्र में भी बिजली बहाल हुई, तब उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। जगदलपुर जोन के सहायक अभियंता निरंजन सिंह कंवर ने बताया कि 33, 11 केव्ही सबस्टेशन लाईन का मानसून पूर्व रखरखाव, संधारण कार्य के लिए गुरुवार की सुबह 10.30 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रही। इसमें कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी, श्रीमती स्वाती श्रीवास्तव के नेतृत्व में कर्मचारियों ने मेंटनेंस किया। इससे संतोषी वार्ड, वृंदावन कालोनी, बीएसएनएल, बोधघाट हाऊसिंग बोर्ड कालोनी आदि प्रभावित रहे।

ग्रामीणों को नहीं मिल...

हाल पर छोड़ दिया है। ग्रामीणों को पानी के लिए बार-बार सरपंच, सचिव से लेकर उच्च अधिकारी, ठेकेदार के दफ्तर का चक्कर काटना और गिड़गिड़ाना पड़ रहा है। बावजूद शुद्ध पेयजल ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है।

जल जीवन मिशन का बुरा हाल– वार्ड नंबर 1 से लेकर 10 तक के ग्रामीणों ने बताया कि उनकी परेशानी का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है। ग्राम पंचायत मददेड़ में जल जीवन मिशन का बहुत ही बुरा हाल है। जिसकी वजह से शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। सरकार के सारे दावे यथार्थ धरातल पर झूठे साबित हो रहे हैं।

योग से बीमारी तो ...

किया गया। बताया गया कि योग सर्वे ऑनलाइन फॉर्म स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए भराया जा रहा है। चयनित 6 प्रतिभागियों को पतंजलि वेलनेस हरिद्वार भेजा जाएगा। सर्वे में कोई भी योग स्वास्थ्य प्रेमी किसी भी वर्ग से ऑनलाइन फॉर्म भर सकता है। आयोजन में नगर के यौगिक, आध्यात्मिक, सामाजिक संस्थाओं को जोड़ा जा रहा है। योग आराध्यम के आयोजन को लेकर नगरवासियों में उत्साह है।

जागरुकता कार्यक्रम होंगे: मनोज– पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी डॉ. मनोज पाणिग्राही ने बताया कि संपूर्ण छत्तीसगढ़ में विविध जन जागरुकता कार्यक्रम किए जाएंगे। आज की भाग दौड़ की जीवन में योग संजीवनी का कार्य करता है। रोग तनाव तथा मानसिक शांति के लिए योग रामबाण है। आज के योग सत्र में बड़ी संख्या में बुजुर्गों के साथ आम नागरिकों ने भाग लिया।

जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सिकलसेल जागरूकता वाहन को दिखाई हरी झंडी

स्वास्थ्य के प्रति रहें जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

विश्व सिकलसेल दिवस पर जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं कलेक्टर हरिस.एस की उपस्थिति में बुधवार को जिला चिकित्सालय में सिकलसेल की स्क्रीनिंग एवं जागरूकता हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका आयोजन स्वास्थ्य विभाग और आदिवासी विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जनप्रतिनिधिगण और कलेक्टर हरिस. एस ने सिकलसेल रोग के पहचान, निदान एवं रोकथाम के लिए जनजागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर जिला चिकित्सालय परिसर से रवाना किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि अरूण सिंह भदौरिया, भुवनेश्वरी यादव, डमरूराम नाग उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सुकमा, दिलीप पेद्दी, महेन्द्र सिंह चौहान एवं शरद चंद्र शुक्ला सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सुकमा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया, मितानिन, नर्सिंग और आईटीआई के छात्र- छात्राएं तथा सहित मेडिकल स्टॉफ, आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर धनीराम बारसे ने कहा कि सिकलसेल रोग के लक्षण, जांच एवं उपचार के लिए भारत सरकार के निर्देशानुसार सिकलसेल दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश को सिकलसेल की स्क्रीनिंग एवं जागरूक करने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर लोगों से चर्चा किए। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में व्यस्तता के कारण हम स्वास्थ्य से संबंधित छोटी-छोटी परेशानियों को नजर अंदाज कर देते है। समय के साथ ही वह कुछ बड़ी बीमारी का रूप ले लेता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में शहर के साथ ही गांव में शासन-प्रशासन के प्रयास से स्वास्थ्य केंद्र संचालित किया जा रहा है। जिसका स्वास्थ्य विभाग और मितानिनों के प्रयासों से सकारात्क परिणाम आ रहे है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। कलेक्टर हरिस. एस ने कहा कि विश्व सिकलसेल दिवस पर सिकलसेल के बारे में जागरूकता लाने के साथ ही इसकी जांच के लिए लोगों को प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि सिकलसेल एक अनुवांशिक रोग है। 19 जून से 3 जुलाई 2024 तक स्वास्थ्य केंद्रों में सिकलसेल के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में पिछले दो माह में 80 हजार से ज्यादा लोगों का डोर-टू-डोर जाकर सिकलसेल जांच किया गया है। जिसमें से 113 लोगों को सिकलसेल जांच में धनात्मक पाया गया है। कार्यक्रम के पश्चात कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती हुए मरीजों से कुशलक्षेम जाना। साथ ही मरीजों को फल वितरण किया गया।

सांसद महेश पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से हुए रूबरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

सांसद महेश कश्यप आज दंतेवाड़ा पहुंचे। जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी के साथ सर्वप्रथम बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दरबार पहुंच दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद का गर्मजोशी के साथ भाजपा कार्यालय चितालंका में स्वागत किया। जिला संगठन प्रभारी श्रीनिवास मद्दी भी इस दौरान मौजूद रहे। विधायक ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। भाजपा कार्यालय में बैठक की शुरूआत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं अटल बिहारी बाजपेयी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

सांसद महेश कश्यप ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दंतेवाड़ा जिले के देवतुल्य कार्यकर्ताओं को मैं प्रणाम करता हूं। आपके प्यार और मेहनत के कारण बस्तर लोकसभा से मुझे नेतृत्व करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। साथ ही मैं दंतेवाड़ा जिले के मतदाताओं का भी आभार व्यक्त करता हूं।

विधायक अटामी ने कहा कि बस्तर में कमल खिला है और हमारे प्रत्याशी महेश कश्यप विजयी हुए है। बस्तर की जनता ने फिर डबल इंजन सरकार पर भरोसा जताया है। भाजपा जिला संगठन प्रभारी श्रीनिवास मद्दी ने कहा कि पहले विधानसभा फिर लोकसभा चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम आज सामने है। सांसद के साथ विधायक हम सबके साथ है।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष गुप्ता ने किया एवं आभार सत्यजीत चौहान ने व्यक्त किया। इस दौरान समस्त वरिष्ठ कार्यकर्तागण, जिला पदाधिकारी, मण्डल व मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित हुए।

न्यायालय नजूल अधिकारी,
जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.-220/अ-6/2023-24

-: उद्घोषणा :-

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक उत्तरा कोष्टा पिता स्व. छगनलाल भूरा एवं अन्य 15 निवासी प्रतापगंजपारा जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा नगर जगदलपुर के मोहल्ला प्रतापगंजपारा स्थित शीट नं.- 78 प्लॉट नं.- 206/1 क्षेत्रफल 2370 वर्गफीट, भू-भाटक 64.68 रूपये की भूमि खातेदार इलावती बाई भूरा पति छगनलाल भूरा सा.देह. के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार इलावती बाई भूरा पति छगनलाल भूरा की मृत्यु दिनांक 17.01.2024 को हो चुकी है। आवेदकगण द्वारा मृतक खातेदार का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर विधिक उत्तराधिकारियो का नाम दर्ज करने हेतु भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

उक्त नामांतरण में यदि किसी को भी कोई आपत्ति/दावा हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 04/07/2024 तक इस न्यायालय में आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथी उपरांत प्राप्त आक्षेप पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 19/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी
जगदलपुर



खबर संक्षेप

एनसीसी गर्ल्स बटालियन का प्रशिक्षण शिविर

जगदलपुर। एनसीसी छत्तीसगढ़ गर्ल्स बटालियन का दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 से 29 जून तक कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में संचालित किया जा रहा है। जिसमें बस्तर, कोण्डागांव, कांकेर एवं नारायणपुर जिलों के विभिन्न विद्यालय एवं महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट बालिका सहित एनसीसी अधिकारी एवं कर्मचारी शिविर में हिस्सा ले रहे हैं। उक्त शिविर के दौरान एनसीसी कैडेटों को एनसीसी का सैन्य प्रशिक्षण एवं विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जाएगा।

दो परिवार की मूल धर्म में वापसी

बस्तर। ग्राम पाथरी में ईसाई धर्म अपनाये दो परिवार की अब मूल धर्म में वापसी हो गई है। 6 गांव के पुजारी, गायता, सीरहा,नाईक,पाइक की उपस्थिति में आदिवासी रीति रिवाज से ग्राम देवी देवताओं को मानने का संकल्प लिया। जानकारी में बताया कि किसी कारणवश यह दोनों परिवार के पांच सदस्य ईसाई धर्म 5 वर्ष पूर्व अपना लिए थे। बड़ी संख्या में ग्रामीणों के समक्ष ग्राम देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर मूल धर्म में वापसी की। परिवार के सदस्य सुकू पिता कोदू, सुदनी पति सुकू,लक्ष्मी पिता सुकू एवं कपूर पिता सुखमन,कारी पति सुखमन ईसाई धर्म के रीति रिवाज को मानने लगे थे। ग्रामीणों के समक्ष इन्होंने अपने मूल धर्म में लौटने की इच्छा जताने पर गांव के प्रमुख लोगों की उपस्थिति में आदिवासी रीति रिवाज परंपरा अनुसार ग्राम देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर दोनों परिवार को मूल धर्म में वापसी किया गया। ग्राम पुजारी के द्वारा शुद्धिकरण कर दोनों परिवार के सदस्यों को ग्राम देवी देवता को मानने संकल्प दिलाया। इस दौरान नाईक समलूराम, पाइक विसनाथ,ग्राम प्रमुख लखुराम, राजमन, मानकु, प्रताप, नकुलराम, रामुराम, पुरन सिँह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

डाक विभाग के कर्मचारियों ने किया रक्तदान

जगदलपुर। विश्व रक्तदान दिवस पर भारतीय डाक विभाग ने संभागीय कार्यालय में शिविर का आयोजन किया। जिसमें डाक विभाग के कर्मचारियों ने अपना बहुमूल्य रक्तदान ब्लड बैंक मेकॉज को दिए। मेडिकल कॉलेज डिमरापाल अस्पताल में संभाग से दूर-दराज ग्रामीण इलाकों से लोग खून की कमी के कारण अपना इलाज करवाने आते हैं। ऐसे मरीजों की संख्या रोजाना बढ़ती जा रही है। जिसे देखते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ताकि मरीजों को समय पर खून मिल सके। इस दौरान भारतीय डाक विभाग के कर्मचारी व मेकॉज के मेडिकल टीम सहित ब्लड बैंक के स्टॉफ शामिल रहे।

जूडो में बस्तर के खिलाड़ियों ने जीते 9 पदक

जगदलपुर। 24वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग 350 जूड़ो बालक एवं बालिका खिलाड़ी तथा 50 अधिकारियों ने भाग लिया। सब जूनियर, कैडेट जूनियर एवं सीनियर वर्ग में अलग-अलग वजन समूह में प्रतियोगिता खेली गई। कोच अब्दुल मोईन के नेतृत्व में बस्तर के जूडो खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। बालिका वर्ग में अनवी जैन ने ब्रांस पदक, सुरभि यादव, शानिका मिश्रा, गीताक्षि श्रीवास, श्रुति शर्मा, पुष्पांजलि नाग ने सिल्वर पदक प्राप्त किया। बालक वर्ग में प्रशांत शार्दूल ने ब्रांस पदक, कोकब जमाल और यशवंत पाण्डे ने सिल्वर पदक हासिल कर बस्तर का नाम रौशन किया।

यहां हर आम है खास थीम पर पहली बार आयोजित हुआ आम महोत्सव

54 प्रकार से अधिक आमों की प्रदर्शनी के साथ चित्रकला प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा जिले में पहली बार यहां हर आम है खास थीम पर बीजापुर आम महोत्सव 2024 का आयोजन कलेक्टर परिसर में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बीजापुर में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के आम फलों के प्रजातियों का प्रदर्शन कर उसका व्यापक प्रचार-प्रसार करना, किसानों को उसके उत्पादन का वाजिब दाम दिलाना, साथ ही वृक्षों एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना। इस विशेष अभियान में लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

महिलाओं द्वारा महोत्सव में विभिन्न प्रकार के आम से बने स्वादिष्ट व्यंजन मैंगो शेक, आम पना, आम केक, आम रस मलाई, आम का पुड़ी, आम का जूस, आम रोल, आम का सलाद, आम का रायता, आम लौंजी, आम पापड़ इत्यादि की प्रदर्शनी लगाई गई। स्कूली विद्यार्थियों द्वारा आम के विषय पर मनमोहक चित्रकारी की गई एवं जिले के किसानों द्वारा 54 प्रकार से अधिक किस्म के आमों की प्रदर्शनी लगायी गयी। जिले वासियों ने आम के इतनी सारी प्रजातियों को एक साथ पहली बार देखा।

इस अवसर पर कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने छोटी सी बच्ची कुमारी प्रंजलि शर्मा को चित्रकला में मनमोहक प्रस्तुति देने एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर अपने गोदी में उठाकर दुलार किया।

आम महोत्सव के विभिन्न प्रतियोगिता में

प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। वहीं महोत्सव में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

कलेक्टर ने कहा कि बीजापुर जिले में केवल आम ही खास नहीं बल्कि यहां के आम जनमानस भी खास है।

किसानों के उत्पादन का वाजिब दाम दिलाने के लिए जिला प्रशासन पहल करेगी, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके और कृषि को बढ़ावा मिल सके। बीजापुर निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है। नई सोच, नवाचार, नई उमंग के साथ जिला प्रशासन आम जनों के सहयोग से निरंतर इस तरह की गतिविधि करता रहेगा। अभी शुरूआत हो रही है। भविष्य में और भी बढ़े स्तर पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाऐंगे। हाथी झूल आम को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले गोविंद तलाण्डी को हाथी झूल आम के प्रदर्शन पर प्रथम स्थान मिला।

कार्यक्रम में डीएफओ सामान्य वन मंडल रामाकृष्णा रंगानाथा वाय, उप निर्देशक इंद्रावती टाईगर रिजर्व संदीप बल्गा, सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर उत्तम सिंह पंचारी, नारायण गवेल, सहायक संचालक उद्यानिकी रामचंद्र राव सहित जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया के प्रतिनिधि सहित जिलों के विभिन्न गांवों से आए किसान, महिलाएं एवं स्कूली बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन के दौरान सभी उपस्थित जनों को आम का पौधा वितरण किया गया।

सिकलसेल जैसे बीमारियों से स्वयं जागरूक होकर अन्य लोगों को जागरूक करें : कलेक्टर

हर बीमारी से बचाव के लिए सावधानी-नियंत्रण जरूरी : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विश्व सिकलसेल दिवस पर श्यामाप्रसाद सभागार (टाउनहाल) में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि सिकलसेल बीमारी को आमजन सिकलिन के नाम से जानते है। हर बीमारी से बचाव के लिए सावधानी-नियंत्रण जरूरी है, आधुनिक युग में विज्ञान ने बहुत तरक्की की है। वैज्ञानिकों ने सभी बीमारियों की दवाई इजात कर ली है। बीमारियों से बचाव और दवाईयों के संबंध में जागरूकता की कमी से कईयों की जान चली गई। गांवों में बीमारियों के लिए जागरूकता की कमी से क्षेत्र के ग्रामीण बैगा, गुनिया से इलाज करवाते है या अज्ञानता से स्वयं गोली खाकर ठीक होने का प्रयास करते हैं,जो सही नहीं है। सरकार ने स्वास्थ्य सेवा केंद्र के माध्यम से सभी को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाई है, इसका उपयोग करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश के नागरिकों की रोग प्रतिरोधी क्षमता अधिक है। फिर भी आज के समय में जागरूकता की कमी, खानपान, रहन-सहन से भी बीमारी को बढ़ावा मिलता है। सिकलसेल जैसे बीमारी पर नियंत्रण कर क्षेत्र, प्रदेश के विकास पर सभी सहभागी बने।

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि जिले में टीबी मुक्त, मोतियाबिंद मुक्त, मलेरिया मुक्त, डेंगू मुक्त अभियान चलाकर आम जनों को बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जाता रहा है, इसका लाभ जिले वासियों को हुआ है। इसी प्रकार सिकलसेल के प्रति लोगों को जागरूक किया जा सकता है। सिकलसेल आनुवंशिक बीमारी है, जागरूकता की कमी के कारण बीमारी को बढ़ावा मिला है। बीमारी के बचाव हेतु शादी के पूर्व खून की जांच जरूर करवाएं। जांच में सिकलसेल के लक्षण मिले तो दवाईयों का सेवन नियमित करें और बीच-बीच में खून की कमी की जांच करवाएं। आज विश्व सिकलसेल दिवस में जिले के सातों ब्लॉक में सिकलसेल दिवस मनाया जा रहा है। विगत तीन वर्ष में मिले लक्ष्य 5.50 लाख में से लगभग चार लाख का स्वास्थ्य जांचकर उपचार किया जा रहा है। इस प्रकार की बीमारियों से स्वयं जागरूक होकर अन्य लोगों को जागरूक करें, ताकि समुदाय के सभी जन स्वस्थ रहें।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, उपाध्यक्ष मनीराम, महापौर सफिरा साहू, जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, सीएमएचओ डॉ.चतुर्वेदी, सिविल सर्जन डॉ. प्रसाद, सहायक आयुक्त शोरी, डीईओ भारती प्रधान सहित स्वास्थ्य विभाग आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

अधिकाधिक लोगों से योगाभ्यास कार्यक्रम में सहभागी बनने का आग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिले में दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को उत्साह के साथ मनाया जाएगा। कलेक्टर विजय दयाराम के. के द्वारा जिले के समस्त ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों में आपसी समन्वय से योग कार्यक्रम को करवाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत जिले में योग संबंधी आवश्यक तैयारी आयुष विभाग, नगर निगम, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को संयुक्त रूप से करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को स्थानीय इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में सुबह 7 से 8 बजे तक चलने वाले मुख्य योग कार्यक्रम हेतु आवश्यक तैयारियां की जा रही है। उक्त योगाभ्यास कार्यक्रम विधायक किरण देव के मुख्य आतिथ्य और बस्तर सांसद महेश कश्यप, बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, महापौर नगर पालिक निगम सफीरा साहू, जिला पंचायत वेदवती कश्यप एवं सभापति नगर पालिक निगम कविता साहू के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित है। उक्त अवसर पर अधिक से अधिक जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, युवाओं सहित गणमान्य नागरिकों को उपस्थित होकर योगाभ्यास कार्यक्रम में सहभागिता निभाने का आग्रह किया गया है।

आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

विधायक टेकाम होंगे मुख्य अतिथि

बीजापुर। राज्य के सभी जिलों में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित योग कार्यक्रम के लिए मंत्रिमंडल, सांसदों और विधायकों को नामांकित किया गया है। इसी तारतम्य में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बीजापुर में आयोजित योग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

बारिश के चलते वार्डों में जल भराव की स्थिति हुई निर्मित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर पालिका निगम के तहत बुधवार को देर शाम हुई भारी बारिश के चलते शहर के कई वार्डों में जल भराव की स्थिति निर्मित हुई। जल भराव की स्थिति को दुरुस्त

- निगम अमले ने की जेसीबी से पानी की निकासी

करने के लिए आयुक्त हरेश मंडावी निगम अमले के साथ वार्डों में पहुंच तत्काल जल भराव की स्थिति को दूर करते हुए जेसीबी मशीन के माध्यम से पानी की निकासी की व्यवस्था कराई गई। इस दौरान स्वच्छता विभाग के सभापति नरसिंह राव उपस्थित रहे। आयुक्त ने बताया कि वार्डों में जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए निगम अमले को अलर्ट मोड पर रखा गया है। साथ ही बाढ़ एवं जल भराव आपदा से निपटने कंट्रोल रूम बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की स्थिति निर्मित होने पर वार्डवासी कंट्रोल रूम से संपर्क कर जानकारी हमें दी जा सकती है ताकि समय पर आपदा से निपटा जा सकता हैं। निगम प्रशासन किसी भी स्थिति निर्मित होने पर तत्काल उन वार्डो में पहुंच जल भराव की स्थिति को दूर किया जाएगा। इस दौरान स्वच्छता विभाग के हेमंत श्रीवास व अन्य कर्मचारी साथ उपस्थित थे।

सांसद महेश पहुंचे नकुलनार, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नकुलनार

बस्तर लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद महेश कश्यप का मंडल कुआकोंडा में आज प्रथम आगमन प्रवास के दौरान नकुलनार महाराणा प्रताप चौक पर मंडल के समस्त प्रदेश, जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान नकुलनार शक्तिकेंद्र प्रभारी राघवेंद्र सिंह गौतम व धन्नूराम कोर्राम, कुम्माराम, मंगू अतरा, कमलेश नेताम के नेतृत्व में ग्राम श्यामगिरी से कांग्रेस युवा कार्यकर्ता कमलेश नेताम व सीपीआई कार्यकर्ता सुदरु ताती ने भाजपा प्रवेश किया। सांसद महेश कश्यप के द्वारा दोनों का पुष्प माला व भाजपा गमछा पहनाकर अभिनंदन कर भाजपा में प्रवेश करवाया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता रामबाबू सिंह गौतम, श्रीकुमार सिंह भदौरिया, नंदलाल मुड़ामी, मंडल अध्यक्ष सोमडू कोर्राम, हेमंत कश्यप, गोविंद तिवारी, पायके मरकाम, रंजना कश्यप, अनोज भदौरिया, राजीव चौहान, सुकालू मुड़ामी, सुमित भदौरिया, विधायक प्रतिनिधि मंगल बघेल, सतनेश सविता, अभिषेक राठौर, भीमा कवासी, धुरुवाराम कुंजाम, अमित भदौरिया, बलबीर, पवन कोर्राम, लखमा सहित सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

अनियमित विद्युत आपूर्ति से क्षेत्रवासियों में रोषः ताटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने बीजापुर कलेक्टर अनुराग पाण्डेय को पत्र लिख कर अनियमित विद्युत आपूर्ति से त्रस्त क्षेत्रवासियों को अविलम्ब राहत दिलाने की मांग की है। उन्होंने जारी बयान में बताया कि छत्तीसगढ़ विद्युत मण्डल जिला मुख्यालय बीजापुर तक 66 केवी विद्युत टॉवर लाइन का कार्य पूर्ण कर लिया है किन्तु इस लाइन का विस्तार कार्य भोपालपाटनम तक न कर रोक दिया गया है। जबकि विभाग ने 66 केवी लाइन के उपकेंद्र स्थापना के लिए भोपालपटनम में स्थल का चयन भी कर लिया गया है। उन्होंने कलेक्टर बीजापुर को इस सम्बन्ध में पत्र प्रस्तुत कर शीघ्र बीजापुर से भोपालपटनम तक 66 केवी विद्युत लाइन का विस्तार कार्य प्रारम्भ कराने की मांग की है। वर्तमान में भोपालपटनम के 33 केवी विद्युत लाइन को 11-11 केवी में बांटा गया है। जिससे अत्यधिक भार पड़ने के कारण बार-बार विद्युत व्यवस्था बाधित होने से क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि मद्देड़ उपकेंद्र तक वर्तमान में 1 फीडर बिजली की व्यवस्था है यदि उपकेंद्र आवापल्ली से मद्देड़ तक अतरिक्त 1 फीडर और बढ़ाया जायेगा तो भोपालपटनम क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था में अंशिका सुधार हो सकता है।

स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिले ऐसे कार्य को दें प्राथमिकता : कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कमिश्नर श्याम धावड़े ने कहा कि एनएमडीसी अपने प्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को लाभ देने वाले कार्यों को प्राथमिकता दें, साथ ही प्रशासन के द्वारा जरूरतमंदों के लिए सीएसआर मद से विशेष प्रावधान कर रखें। ताकि जरूरतमंदों को तत्काल राशि की स्वीकृति दी जा सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही भविष्य को बेहतर बनाया जा सकता है। इसीलिए जिलों में नवाचार के साथ-साथ अंदरूनी तथा प्रभावित क्षेत्र के स्थानीय बच्चों को उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता का भी प्रावधान रखा जाना चाहिए। कमिश्नर धावड़े ने गुरुवार को संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में एनएमडीसी और जिलों के विकास शाखा प्रभारियों से सीएसआर मद के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में वित्तीय वर्ष 2012-13 से 2023-2024 तक स्वीकृत और प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा किया गया। संभाग के जिलों से विकास कार्यों हेतु एनएमडीसी कार्यालय से लंबित राशि के भुगतान करवाने हेतु कार्यों का ज्वाईंट इंस्पेक्शन कर पूर्णता प्रमाण पत्र, उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करवाकर लंबित राशि को जारी करवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा जिलों से वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए प्रस्तावित कार्ययोजना की जानकारी देने के निर्देश दिए।

क्षेत्र की शांति के लिए सांसद व विधायक ने की शिवगानिन माता की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बास्तानार मण्डल के ग्राम पंचायत किलेपाल तीन में बुधवार को बस्तर सांसद महेश कश्यप व चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने प्रदेश व बस्तर में शातिं व विकास की कामना करते हुए शिवगानिन माता मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान 5 लाख की लागत से बनने वाले सांस्कृतिक भवन का भूमिपूजन भी किया।

- किलेपाल में 5 लाख की लागत से बनने वाले सांस्कृतिक भवन का किया भूमिपूजन

विधायक विनायक गोयल ने बताया कि माता मंदिर में पूजा अर्चना के बाद 5 लाख की लागत से बनने वाले सांस्कृतिक भवन का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र में पानी कि किल्लत को देखते हुए विधायक निधि से पानी टेंकर का वितरण भी ग्राम पंचायत किलेपाल तीन में किया गया। सांसद व विधायक को अपने बीच पाकर ग्रामीणों ने उनका परम्परागत तरीके से जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों ने काफी दिनों से हो रही पानी कि समस्या से निजात दिलाने के लिए सांसद व विधायक का आभार व्यक्त किया। इस दौरान बस्तर सांसद महेश कश्यप व चित्रकोट विधायक विनायक गोयल के अलावा मण्डल अध्यक्ष नारायण ठाकुर, बाबुल नाग, कमल ठाकुर, मंतुराम कश्यप के अलावा भाजपा कार्यकर्ता व सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

आश्रम व छात्रावास के छात्राओं की हुई सिकल सेल जांच

गीदम। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गीदम में विश्व सिकल सेल दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष अंति वेक, भाजपा नेता राजेश गुप्ता एवं भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अजय अवस्थी उपस्थित रहे। जनपद अध्यक्ष अंति वेक के द्वारा सिकल सेल अभियान का शुभारंभ किया गया एवं इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सभी लोगो से सिकल सेल जांच करवाने हेतु आग्रह किया गया। इस दौरान खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौतम कुमार ने कहा कि सिकल सेल रोग वंशानुगत रक्त विकारों के एक समूह को संदर्भित करता है, जिसमें आनुवंशिक उत्परिवर्तन असामान्य हीमोग्लोबिन को एक साथ इकट्ठा करता है, जिससे लाल रक्त कोशिकायें सिकल के आकार की हो जाती हैं। ये सिकल के आकार की कोशिकाएं रक्त प्रवाह में रुकावट पैदा करती हैं, जिससे एनीमिया, दर्द, संक्रमण और अन्य गंभीर जटिलताएं हो सकती हैं। इस दौरान गीदम ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्रों में आश्रम व छात्रावास के छात्राओ व अन्य लोगो का सिकल सेल जांच किया गया।